नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305

इ-मेल: mgahvpro@gmail.com वेबसाइट : www.hindivishwa.org

सहकारिता आंदोलन आज भी प्रासंगिक है – प्राचार्य देशमुख

वर्धा, दि. 29 सितंबर, 2017 : यदि नियम कानूनों का पूरी तरह पालन करते हुए पारदर्शी ढंग से काम किया जाए तो सहकारिता आंदोलन आज भी अत्यंत उपयोगी और सार्थक है। 'वन फॉर ऑल, ऑल फॉर वन' की सामूहिक शक्ति इस आंदोलन से जुडे हर व्यक्ति के लिए आर्थिक सुरक्षा तथा प्रगति का आधार बन सकती है। उक्त आशय के उद्गार यशवंत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.

विलास देशमुख ने व्यक्त किए। वे हिंदी विश्वविद्यालय के गालिब सभागार में आयोजित कर्मचारी सहाकरी साख संस्था की चौथी वार्षिक आमसभा में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे।

अपने संबोधन में विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा ने निरंतर चौथे वर्ष भी संस्था को लेखा परीक्षा में 'अ' श्रेणी प्राप्त होने पर बधाई देते हुए भविष्य में और अधिक सफलता की शुभकामनाएँ दी। साख संस्था के सचिव राजेश अरोड़ा ने वर्ष 2016-17 का प्रस्तावित बजट, लेखा परीक्षण रिपोर्ट तथा त्रुटि सुधार इत्यादि की रिपोर्ट प्रस्तुत की। सदस्यों

को 15 प्रतिशत की दर पर लाभांश वितरण की भी घोषणा की। इस अवसर पर एक ग्रहनिर्माण संस्था के निर्माण की संभावनाओं पर भी गहन चर्चा हुई।

अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में डॉ. अनिल कुमार दुबे ने सदस्यों द्वारा दिए जा रहे सहयोग की सराहना करते हुए संस्था की प्रगति तथा सफलता हेतु सभी सदस्यों का अभिनंदन किया। संचालक मंडल के सदस्य गिरीशचंद्र पाण्डेय द्वारा आभार प्रदर्शन के साथ सभी संपन्न हुई। संचालन डॉ. वीर पाल सिंह यादव ने किया। इस अवसर पर प्रो. के. के. सिंह, प्रो. नृपेंद्र प्रसाद मोदी, डॉ. अशोक नाथ त्रिपाठी, डॉ. अमरेंद्र कुमार शर्मा, डॉ. अखिलेश दुबे, डॉ. रामानुज अस्थाना, डॉ. धरवेश कठेरिया, कमल शर्मा, राजेश लेहकपुरे, डॉ. मनोज कुमार राय, डॉ. एच. ए. हुनगुंद, डॉ. धनजी प्रसाद, राजीव पाठक, भालचंद्र सिंह, पंकज पाटिल, अमित विश्वास, हेमा गोडबोले, बी. एस. मिरगे, संजय तिवारी, राजदीप राठौर, रवि वानखेडे सहित अध्यापक, अधिकारी एवं साख संस्था के पदाधिकारी प्रमुखता से उपस्थित थे।